आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

किरेन रिजिजू

लोकसभा में आज पहलगांव आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पहले बताया था कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया पर मौजूदा संसद सत्र के दौरान विशेष चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा में इस पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

*डिस्पैच – पहले हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे। ये अपॉजिशन पार्टी का ही मांग था। सरकार ने एग्री पहले दिन से ही किया है, तो ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा पूरा करने के बाद अगले विषय क्या लेंगे, उसका हम बाद में तय करेंगे, इसलिए मंडे से लोकसभा में 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और ट्यूजडे को राज्यसभा में फिर 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी।*

प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि देश की सम्प्रभुता पर हमला होने पर भारत कैसे जवाब देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सैन्य अभियान ने पूरे देश में नया आत्म विश्वास भर दिया है। तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलापुरम में प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी सिद्ध किया है कि भारत पर हमला करने वाले शत्रु और आतंकवादियों के छिपने के लिए कहीं कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि अपनी सुरक्षा और सम्प्रभुता पर आंच आने पर भारत मजबूती से कार्रवाई करेगा।

बाइट – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

*डिस्पैच – आज का भारत अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि रखता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है कि कोई अगर भारत की सुरक्षा व संप्रभुता पर हमला करता है तो भारत कैसे उसे जवाब देता है। आपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया है कि भारत के दुश्मनों के लिए, आतंकवादियों के लिए, अब कोई ठिकाना सुरक्षित नहीं है।*

कैबिनेट बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की आज से 31 जुलाई तक लगातार चार दिन बैठकें होंगी। ये बैठक प्रतिदिन दो–दो घण्टें के लिए आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। मंत्रिमंडल बैठकों में मंडी और अन्य क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज पर फैसला लिया जा सकता है। इसके अलावा लंबित करूणामूलक नौकरियों

पर निर्णय भी मंत्रिमंडल में लिया जा सकता है। इन बैठकों में प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की तिथियां तय करने पर भी चर्चा होगी।

मिंजर

चंबा का अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला कल से शुरू हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ध्वजारोहण कर इस मेले का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर चम्बा शहर में एक शोभा यात्रा निकाली गई।

*डिस्पैच – चंबा में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया। इस संध्या के दौरान विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर खूब समा बांधा। आज मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान पंजाब के मशहूर गायक कुलविंदर बिल्ला सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर*

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि चम्बा ज़िले की संस्कृति व पंरपरा अद्भुत है और इसे संजोए रखने की ज़रूरत है। राज्यपाल ने नशीले एवं मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन को लेकर चिंता जताई और इस बुराई के खिलाफ सामूहिक जागरूकता पर बल दिया।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में घने बादलों के बीच वर्षा का क्रम रूक–रूककर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कई स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में 197 से अधिक सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 75 बिजली ट्रांसफार्मर और 97 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं। प्रदेश में इस मॉनसून सीज़न में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक एक सौ 61 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 35 लोग अभी भी लापता हैं। मण्डी ज़िले में सबसे अधिक 32 लोगों की मृत्यु हुई है।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस

हर वर्ष आज यानि 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को वायरल हेपेटाइटिस के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके । हेपेटाइटिस एक ऐसी गंभीर बीमारी है जो यकृत में सूजन पैदा करता है जिससे यकृत से संबंधित गंभीर बीमारियां और यकृत कैंसर हो सकता है। वर्ष 2025 में हेपेटाइटस दिवस का विषय है , चलो इसे तोड़ें जो हेपेटाइटिस की रोकथाम, देखभाल और इलाज में शेष बाधाओं को तोड़ने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करता है।